01-JAN-RAIGARH-pg-01_Layout 1 1/1/2026 9:56 PM Page 1

तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

4 कलेक्टर ने कहा : पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ हो धान खरीदी



खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

## खबर संक्षेप

### 10 छात्राओं को किया साइकिल का वितरण

**रायगढ़।** कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतरलिया, रायगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंधित 10 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र रावत ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने नैतिक एवं टिकाऊ विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कारपोरेट सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाए हैं। बैंक की यह पहल केवल मुनाफा कमाने तक सीमित न होकर समाज, शिक्षा और पर्यावरण को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्रित है। इसी क्रम में शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियों के माध्यम से एसबीआई निरंतर सामाजिक योगदान दे रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में एसबीआई बैंक ने कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत ने गत दिवस आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के 7 मेधावी छात्रों को को निःशुल्क लैपटॉप वितरित किए है जिन्होंने 10वीं पास की है और उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह वर्ष 2024 में भी 5 बीपीएल श्रेणी के मेधावी छात्रों को लैपटॉप दिए गए थे। साथ ही 2025 में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के 40 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया था।

### आधार बेस हाजिरी और ईऑफिस से हो रहा कार्य

**सारंगढ़।** सारंगढ़ स्थित कलेक्टर कार्यालय में आधार बेस उपस्थिति प्रारम्भ किया गया है। इससे शासकीय कर्मियों की समय पर उपस्थिति ऑनलाइन मानिटरिंग की जा रही है। इसी प्रकार ई ऑफिस से सरकारी कार्य भी कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के लगभग सभी विभाग द्वारा किया जा रहा है। इससे अपने राज्य स्तर के कार्यालय सहित सभी अन्य विभागों से पत्र व्यवहार और नोटशीट आदि प्रक्रिया अब डिजिटलीकरण हो रहा है। इससे अधिकारी कर्मचारी और एक दूसरे ऑफिस से फ़ाइल भेजने में दूरी के आधार पर शासकीय सेवक द्वारा लाना ले जाना पड़ता थाए उससे समय बच रहा है और कार्य में गति आएगा। साथ ही शासकीय सेवकों को आना जाना भी नहीं पड़ेगा।

### लोको पायलट ने लैपटाप से भरा बैग लौटाया



**हसौद।** बेतवा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए लेपटाप से भरा बैग को जीआरपी पुलिस को लौटाया। जिसके बाद पुलिस ने बैग मालिक को वापस कर दिया। गौरतलब है कि बेतवा एक्सप्रेस में 30 दिसंबर की रात न्यू कटनी ब्रिज के पास एक यात्री आशीष पूर्व छात्र जवाहर नवोदय विद्यालय सक्ती का लैपटॉप बैग चोरी हो गया। जैसे ही बैग खिसकाया गया, आशीष की नींद खुल गई, लेकिन चोर ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद आशीष ने रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई। आशीष ने जवाहर नवोदय विद्यालय सक्ति के अपने पूर्व छात्र साथियों मुकेश जायसवाल के साथ कालिदास महंत, अनिमेष राठौर और युवराज सिंह से संपर्क किया। अगले स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने आशीष का बयान लिया और खोजबीन शुरू की। इसी दौरान शहडोल रेलवे पुलिस बल को सूचना मिली कि एक लोको पायलट विष्णुकांत तिवारी को मालगाड़ी में लटका हुआ बैग मिला है। लोको पायलट ने ईमानदारी दिखाते हुए बैग रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया। जांच में पाया गया कि बैग में रखा लैपटॉप और अन्य सामान पूरी तरह सुरक्षित है। जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक अदीप मिश्रा, एस. के. कश्यप और के. के. पटेल ने सभी पूर्व छात्रों द्वारा एकजुट होकर त्वरित और संवेदनशील तरीके से किए गए प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### शहर और शहर के आसपास के पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार, परिवार के साथ गुजारी लोगों ने दिन

# मंदिरों में मत्था टेक कर लोगों ने की दिन की शुरुआत, परिजन के साथ मनाई खुशियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नूतन वर्ष के पहले दिन लोगों ने मंदिरों में मत्था ठेका, भगवान का आर्शीवाद लिया और दिन की शुरुआत की। सुबह और शाम मंदिरों में काफी भीड़ रही । नव वर्ष का हर लम्हा लोग अपने परिवार के साथ गुजारे। साथ ही लोगों अपने परिवार के साथ शहर के गार्डन और अन्य पिकनिक स्पॉटों में खुशियां मनाई। दिन भर शहर और शहर के आसपास के बाग- बगीचे गुलजार रहा। इस सब के बीच गुलाब के फूल और गुलदस्ते खुब बिके। हालांकि सीजन के हिसाब से फूल विक्रेताओं ने ग्राहकों को जमकर लूटा और एक गुलाब की कीमत जहां 50 से 80 रुपए तक लिए, वहीं गुलदस्ता की कीमत 200 से 500 तक ले लिया। कुल मिलाकर गार्डन और मंदिरों में नव वर्ष के पहले दिन काफी चहल-पहल रही। साल अच्छा गुजरे इसके लिए साल के पहले दिन लोगों ने उठते ही सूरज की पहली किरण के साथ मंदिर में मत्था टेका और भगवान का आर्शीवाद लिया। खास कर सुबह और शाम मंदिरों में काफी भीड़ नजर आई। बाबाधाम में भक्तों की कतार लगी रही। शहर के गौरी शंकर और बूढ़ी माई मंदिर में भी काफी भीड़ रही। दूसरी ओर नेहरु गार्डन में दिन भर बच्चों की किलकारियां गूंजती रही । वहीं अधिकांश लोग अपने परिजनों के साथ इस दिन का हर लम्हा एक साथ गुजारे। गार्डन के अलावा हर पिकनिक स्पॉटों में काफी भीड़ रही। लोग एक दूसरे को बधाईयां दे रहे थे।

**शहर के बाग- बगीचे में रही भारी भीड़, एक दूसरे को बधाई देकर बड़ों का लिया आर्शीवाद**

### होटल और रेस्टोरेंट भी फुल

इस दिन का आनंद कुछ लोगों ने अपने परिवार के साथ गार्डन में लिया तो कुछ लोगों नें होटल और रेस्टोरेंट में खाने का भी आनंद लिया। इसके कारण गुरुवार को शहर और आसपास के होटल ढाबे भी काफी गुलजार रहे। कई रेस्टोरेंट में लोग ग्रुप में पहुंचे और नव वर्ष को सामूहिक सेलीब्रेट किया।

### कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से की भेंट

**सारंगढ़।** नववर्ष के अवसर पर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे सारंगढ़ स्थित आशा निकेतन वृद्धाश्रम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों को गुलदस्ता भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा फल वितरण कर उनका हालचाल जाना। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने वृद्धजनों से आत्मीय बातचीत करते हुए आश्रम में मिलने वाली स्वास्थ्य जांच, भोजन व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि नियमित रूप से हेल्थ चेकअप होता है या नहीं तथा भोजन की गुणवत्ता कैसी है। इस अवसर पर आश्रम की निवासी कुंती वैष्णव एवं पद्ममिनी सिदार ने अपने तीर्थ यात्रा अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे अयोध्या, काशी विश्वनाथ, बनारस और गंगा मैया के दर्शन कर आई हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेन यात्रा के दौरान खान.पान की व्यवस्था बहुत अच्छी रही और इस उम्र में तीर्थ यात्रा कर पाना उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने संबोधित करते हुए कहा कि आज नववर्ष के दिन हम आप सभी से आशीर्वाद लेने आए हैं। आपके आशीर्वाद से हम सारंगढ़ जिले को एक बेहतर और विकसित जिला बनाने का प्रयास करेंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा यहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं और मैं स्वयं भी नियमित रूप से इसकी समीक्षा करता हूं।

## डंपर ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



डंपर ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे मे एक युवक की जहां मौत हो गई वहीं अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने पूर्व विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर चक्काजाम कर दिया।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक ग्राम लोईंग का रहने वाला केशव मेहर 35 अपने दो साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर इंदिरा नगर से सर्किट हाउस रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान नगर सेना कार्यालय के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक केशव मेहर के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता पशु विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उक्त घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों और कांग्रेसी नेताओं ने सड़क पर ब्रेकर निर्माण और मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। जिससे कुछ देर तक यातायात व्यवस्था बाधित रही, पुलिस के द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझाइश के बाद रास्ता खोला जा सका।

■ आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम, घंटों बाधित रहा यातायात

### घनी आबादी में भारी वाहनों का रेलमपेल

दुर्घटनाओं का कारण भारी वाहनों का घनी आबादी में आवाजाही करना है। एक ओर भारी वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई । वहीं केलो विहार कॉलोनी के मुख्य चौराहे पर एक भारी वाहन दिन भर खड़ी रही। कारण यह वाहन केलो विहार जैसे घनी आबादी में गुजर रही थी। इसी दौरान ठीक चौराहे पर गाड़ी खराब हो गई। इसके कारण चौक पर वाहन घंटों खड़ी रही। इससे भी कॉलोनी और अन्य लोगों को आने जाने में भारी दिक्कत हो रही थी।

### घरघोड़ा में भी एक की दुर्घटना में मौत

तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम खर्रा मिलूपारा निवासी लाल साय सिदार कलंगा अपने रिश्तेदार हेम कुमार कलंगा के साथ मंगलवार को मोटरसायकिल से घरघोड़ा किसी काम से आये थे। काम निपटा कर वे दोनों वापस खर्रा मिलूपारा आने के लिये निकले थे, इसी दौरान ग्राम झांकादरहा के आगे पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर (क्रमांक सीजी 13 बी एफ 9757 ) के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को ठोकर मार दिया।इस घटना में जहां बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं लाल साय सिदार कलंगा व उसका रिश्तेदार दोनों काफी दूरी पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गये थे। हादसे में घायल दोनों युवकों को घरघोड़ा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान लाल साय सिदार कलंगा ने दम तोड़ दिया। वहीं अन्य युवक हेम कुमार कलंगा की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सघन उपचार के लिये रायगढ़ रेफर कर दिया।

# डायल 112 बनी संजीवनी, 18 हजार लोगों की संवारी जिंदगी, साल भर में 42 हजार लोगों ने किया कॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



साल 2025 में डायल 112 को हर प्रकार के अपराधों, हादसों, अनहोनी के करीब 42 हजार इवेंट मिले। जिसमें जितने भी लोगों के जानमाल संबंधित इवेंट्स थे उन सभी में राइनो स्टाफ ने मौके पर पहुंच कर 18 हजार से अधिक लोगों की जान बचाई। डायल 112 सेवा की सबसे खास बात यह है कि बीहड़ क्षेत्रों में भी एक कॉल पर राइनो स्टाफ तत्काल सहायता के लिए पहुंच जाते हैं और चाहे दुर्घटना हो या आगजनी, जंगली जानवर के हमले हो या प्रसव पीड़ा, सबमें 112 के जवानों ने अपने साहस और पुलिसिंग का परिचय देते हुए इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

रायगढ़ में संचालित ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पोंस व्हीकल) को राइनो नाम दिया गया है। साल 2025 में रायगढ़ डायल 112 को 41 हजार 748 कॉलर्स ने कॉल कर रोड एक्सीडेंट, जहर सेवहन, सर्पदंश, बिच्छू डंक, फायर, गुम इंसान, मारपीट, बाल अपराध, शारीरिक अपराध समेत विभिन्न प्रकार के इवेंट दिए हैं। जिसमें ईआरवी राइनो द्वारा मौके पर पहुंचकर पीड़ितों की सहायता की गई है। डायल 112 सबसे ज्यादा रोड एक्सीडेंट के मामलों में प्रभावशाली रहा है। अब तक डायल 112 रायगढ़ को 5 हजार 745 रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला। वहीं हादसा, मारपीट, आगजनी, जंगली जानवर काटने के अनेकों मामलों में डायल 112 सेवा सहायक सिद्ध रहा है। कई ऐसे इवेंट भी डायल 112 को मिला जिसमें कॉलर रिपोर्ट लिखाने थाना जाना चाहता था उन्हें भी थाने भी पहुंचाया गया।

**खास बात**

■ बीहड़ क्षेत्रों में भी एक कॉल पर तत्काल सहायता के लिए पहुंच जाते हैं राइनो स्टाफ

### ईआरवी वाहन में हुअ बच्चे का जन्म

इस साल जिले में प्रसव पीड़ा से तड़प रही दो अलग-अलग गर्भवती माताओं को ईआरवी वाहन से अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही वाहन में उन्होंने नवजात को जन्म दिया है। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक गर्भवती महिलाओं के परिजनों ने डायल 112 को कॉल कर इवेंट दिया है। जिस पर राइनो स्टाफ ने तत्काल मौके पर पहुंच कर समय रहते पीड़ित महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

### उम्मीदों पर उतरे खरे

डायल 112 के प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि डायल 112 का रिस्पोंस अच्छा है। जिले में इसके लागू होने से आमजन के साथ-साथ पुलिस को भी काफी हद तक राहत मिली है। कई बार ऐसे इवेंट पर थाने की पुलिस को पहुंचने में लेट हो जाती है, लेकिन डायल 112 तत्काल पहुंचती है। शायद डायल 112 को शुरू करने का उद्देश्य भी यही था, जोकि पूरा हो रहा है। डायल 112 लोगों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है।

### साल भर में मिले इवेंट

**जिले में वाहनों की संख्याः 15**

हादसा : 138 प्रकरणों में आहतों को पहुंचाया अस्पताल
सड़क दुर्घटना : 5757 प्रकरणों में मृतकों और घायलों को पहुंचाया अस्पताल
आकस्मिक विस्फोट : 15 प्रकरणों में घायलों को पहुंचाया अस्पताल।
शारीरिक अपराध : 6605 प्रकरणों में आहतों को पहुंचाया अस्पताल।
जंगली-जानवर : 766 प्रकरणों में आहतों को पहुंचाया अस्पताल।
आगजनी : 379 प्रकरणों में मौके पर पहुंच कर आग पर पाया काबू।
बाल अपराध : 165 प्रकरणों को मौके पर पहुंच कर सुलझाया।

### फेक कॉल करने वालों पर कार्रवाई

डायल 112 के प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि इस साल भी डायल 112 को कई फेक कॉल आए हैं। जिनमें राइनो स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचने से ऐसा कुछ मामला ही नहीं मिला है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए कई लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें जेल भी भेजा गया है। उन्होंने बताया फेक कॉल से कई प्रकार की परेशानी होती है। अगर एक ही समय में एक ही थाना क्षेत्र के राइनो को कई इवेंट मिलता है उसमें भी अगर राइनो स्टाफ किसी इवेंट पर जाते हैं तो उन्हें पता चलता है कि यह तो फेंक था, जिससे उन्हें दूसरे इवेंट पर पहुंचने में देरी हो जाती है।

## नए साल के पहले दिन शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर चला पुलिस का डंडा

**रायगढ़।** नए साल के मौके पर जिले में पुलिस के द्वारा हुडदंगियों और शराब पीकर गाड़ी चलानें वाले लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई।साल से पहले ही जिला पुलिस के द्वारा इस दिशा में एडवाइजरी जारी की गई थी,इसके बाद भी कई लोगों के द्वारा इन नियमों को तोड़ा जा रहा था । यातायात विभाग के द्वारा ऐसे लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई।जिले में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बुधवार सुबह से देर रात तक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 100 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें से 52 मामले ट्रिपल सवारी के थे,इसके अलावा 11 ड्रिंक एंड ड्राइव वालों पर भी कार्रवाई की गई। यातायात विभाग के द्वारा किये गए सघन जांच के दौरान कुल 1 लाख 6 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई की गई, सौ लोगों पर हुई कार्रवाई पर 11 ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले थे, जिसमें धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया।



## अब तक 42 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान, 2.58 लाख मीट्रिक टन खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान.केंद्रित तरीके से लगातार जारी है।

जिले के 105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 42 हजार से अधिक किसानों ने अपनी उपज का विक्रय किया, जिससे कुल 2 लाख 58 हजार 683.88 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। धान खरीदी के साथ.साथ उपार्जित धान का समयबद्ध और प्रभावी उठाव भी सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक उपार्जन केंद्रों से 1 लाख 37 हजार 143.90 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका हैए जिससे केंद्रों में भंडारण और खरीदी की प्रक्रिया सुव्यवस्थित और निर्बाध बनी हुई है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इस डिजिटल सुविधा के माध्यम से किसान आसानी से टोकन लेकर धान विक्रय कर कर रहे हैंए जिससे लंबी कतारों और प्रतीक्षा समय में कमी आई है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। कोचियों और बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर ने कहा है कि वास्तविक किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। टोकन प्राप्त करने से लेकर धान तौल एवं भुगतान प्रक्रिया तक किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

**खास बात**

■ धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से जारी, उपार्जन केंद्रों से 1.37 लाख मीट्रिक टन का उठाव

### कार्रवाई को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू, सोनूमुड़ा का मामला

# बिना नोटिस तोड़ दी बाउंड्रीवाल, मोहल्लेवासियों ने किया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

शहर के सोनूमुडा क्षेत्र में निगम के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया गया, जिसके बाद मौके पर मोहल्लेवासियों ने हंगामा शुरू कर दिया, कुछ वक्त तक स्थिती तनावपूर्ण बनी रही । पूरी जानकारी शहर के वार्ड क्रमांक 38 के सोनुमुडा देवारपारा की है, जानकारी के अनुसार मोहल्ले के महेन्द्र यादव के घर की बाउंड्रीवाल को निगम के दस्ते के द्वारा जेसीबी के द्वारा ढहा दिया गया, जिसके बाद मोहल्लेवासियों के द्वारा निगम की टीम का घेराव करते हुए हंगामा शुरू कर दिया गया।

### तोडनें से पूर्व कोई सूचना नहीं दी गई

जमीन के मालिक महेन्द्र यादव नें बताया कि उनकी जमीन पट्टे की है।मोहल्ले में सड़क का निर्माण कार्य होना है,जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण करनें से पहले 4 फीट सड़क के लिए और 2 फीट नाली के लिए पहले ही छोड़ दिया गया था, इसके बाद भी निगम के द्वारा नोटिस भेजा गया था, जिसका जवाब हमनें निगम में जाकर दिया जा चुका है, इसके बाद भी गुरूवार की सुबह निगम की टीम के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के आकर दिवाल ढहा दिया गया, जबकि डिस्मेंटल करनें से कुछ दिन पहले नोटिस देना होता है।

### जब तक दिवाल नहीं तब तक नाली का निर्माण

मोहल्लेवासियों नें निगम की कार्रवाई को तानाशाही कहते हुए कहा कि,पट्टे की जमीन पर बनी दिवाल को ढहा दिया गया है। निगम के द्वारा जब तक इस दिवाल को वापस बना कर नहीं दिया जाता है, तब तक मोहल्ले में नाली का निर्माण नहीं होने देंगे।

## खबर संक्षेप

### सुंदरगढ़ जिला राजनैतिक नेतृत्व के अभाव में उपेक्षित

**राउरकेला।** राज्य के राजकोष को सबसे अधिक राजस्व देने वाला सुंदरगढ़ जिला हर क्षेत्र में उपेक्षित नजर आ रहा है। संसाधनों की प्रचुरता इतनी है कि यहां विकास को शिखर पर होना चाहिए था, लेकिन विडंबना यह है कि जिला आज भी सबसे पिछड़े जिलों में गिना जाता है। इसके लिए लोग बिना किसी संकोच के राजनीतिक नेतृत्व को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वर्तमान में सुंदरगढ़ में नेतृत्वविहीन राजनीति का दौर चल रहा है। तीनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा, बीजद और कांग्रेस की स्थिति लगभग समान बनी हुई है। 2024 के आम चुनाव में पहली बार सुंदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र बीजद के खाते में आया, जहां से योगेश कुमार सिंह विधायक चुने गए। वहीं राउरकेला से शारदा नायक, बीरमित्रपुर से रोहित जोसेफ तिर्की विधायक बने। रघुनाथपाली से भाजपा के दुर्गाचरण तांती, तलसरा से भाजपा विधायक भवानिशंकर भोई, बणाई से सीपीआई विधायक लक्ष्मण मुंडा और राजगांगपुर से कांग्रेस विधायक डॉ. राजन एक्का निर्वाचित हुए हैं। विपक्षी दलों के विधायक शारदा नायक, डॉ. राजन एक्का, योगेश सिंह, रोहित जोसेफ तिर्की और लक्ष्मण मुंडा जिला स्तर के विभिन्न मुद्दों पर जिस तरह से सत्ताधारी दल को घेरने की अपेक्षा थी, वह कतई दिखाई नहीं दे रहा है। खासकर जिले की समस्याओं, डीएमएफ डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन फंड के दुरुपयोग, खनिज चोरी, पलायन और विकास से जुड़े मुद्दों पर वे लगभग खामोश से हैं।

### शराबी पति ने की डंडे से पीट पीटकर पत्नी की हत्या

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के हेमगिर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुंटीझरी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शराब के नशे में धुत एक पति ने डंडे से पीट पीटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृत महिला की पहचान पुष्पा धरुवार 30 के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति माकुंद धनुवार को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक कलह के चलते यह हत्या की गई। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम जरिया निवासी स्व.सबीना टोप्पो का तालाब के पानी में डूबने से 22 फरवरी 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पुत्र मतियस टोप्पो हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### इस बार की ठंड बना रही नए-नए रिकॉर्ड

**अम्बिकापुर।** इस बार की ठंड लगातार नए नए रिकॉर्ड बना रही है। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में आंशिक वृद्धि हुई है लेकिन गलाने वाली ठंड से राहत मिल सकी है। मौसम विज्ञानी पारा में और गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत में बर्फबारी बारिश होने पर एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम पारा 3.5 डिग्री रिकॉर्ड किया था। बुधवार को पारा में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई है तथा न्यूनतम पारा 4.2 डिग्री तथा अधिकतम पारा 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। पारा में शीतलहर का प्रभाव रहा तथा कई क्षेत्रों में पाला जमने की सूचना है। मौसम विज्ञानी उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ को काफी शक्तिशाली बता रहे हैं तथा विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत सहित आसपास के राज्यों में बर्फबारी एवं बारिश होने की संभावना जता रहे हैं। बारिश एवं बर्फबारी होने पर विक्षोभ के कमजोर पड़ने पर एक बार फिर मौसम में तेज बदलाव होने के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जता रहे है।

# गुलजार रहे पिकनिक स्पॉट, वनभोज के साथ नए साल का जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- परिवार संग प्रकृति की गोद में बिताया पहला दिन
- जशपुर बना सैलानियों की पसंद

नए साल के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए जशपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोग परिवार और मित्रों के साथ नजदीकी पिकनिक स्पॉट्स पर पहुंचे। प्रकृति की अद्भुत सुंदरता से भरपूर जशपुर जिले में नए साल का स्वागत खुले आसमान, हरियाली और झरनों की कलकल ध्वनि के बीच हर्षोल्लास के साथ किया गया।नववर्ष के अवसर पर रानीदह जलप्रपात, राजपुरी जलप्रपात और कैलाश नाणेश्वर गुफा जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। यहां केवल जशपुर ही नहीं, बल्कि झारखंड और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे।शहर के युवाओं ने दोस्तों संग वनभोज का आनंद लिया, वहीं अनेक परिवारों ने बच्चों और बुजुर्गों के साथ पिकनिक मनाकर साल की शानदार शुरुआत की। लोग अपने-अपने इंतजामों के साथ दिनभर प्रकृति की गोद में समय बिताते नजर आए।






### रानीदह और दमेरा में उमड़ी हजारों की भीड़

नए साल के दिन दमेरा जलप्रपात और रानीदह जलप्रपात में हजारों सैलानी पहुंचे। जशपुर से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे, जबकि झारखंड के रांची, गुमला, सिमडेगा तथा ओडिशा के सुंदरगढ़ से भी पर्यटक दिखाई दिए। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर स्थित दमेरा और करीब 25 किमी दूर स्थित गुल्लू जलप्रपात में भी दिनभर चहल-पहल बनी रही।

### शहर में छाया सन्नाटा, बाजार रहे आधे बंद

नववर्ष पर अधिकांश लोग पिकनिक स्पॉट्स की ओर रुख करने के कारण शहर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। बाजार की लगभग आधी दुकानें बंद रहीं और जो खुली थीं, वहां भी ग्राहकों की संख्या कम नजर आई। सरकारी दफ्तरों में भी उपस्थिति कम रही। सरकारी व निजी स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति को देखते हुए कई स्कूलों में जल्दी छुट्टी दे दी गई। नए साल के पहले दिन जशपुर जिले ने प्रकृति, पर्यटन और पारिवारिक खुशियों के साथ एक यादगार शुरुआत की।

### कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी लोगों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा की नया साल आपके लिए खुशियों, सफलता लाए अपना लक्ष्य निर्धारित करके निरंतर आगे बढ़े। यह नया साल नई शुरुआत नई संभावनाएं से भरा हो आने वाला वर्ष आपके के जीवन में शांति और आनंद लाए।

## हिंदू एकता, संस्कृति और राष्ट्रभाव पर केंद्रित रहा बन्दरचुआं का हिंदू सम्मेलन

# संगठित हिंदू समाज ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्तिः जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी मंडल के बन्दरचुआं ग्राम में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सनातन संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव शामिल हुए। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक सरगुजा हेमन्त नाग रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शंभूनाथ चक्रवर्ती (पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, धार्मिक प्रांत प्रमुख एवं अध्यक्ष माटीकला बोर्ड छत्तीसगढ़) की उपस्थिति रही।





### सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना

मुख्य अतिथि प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विशाल हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना और सभी को एकजुट कर सनातन संस्कृति को सशक्त बनाना है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि देश, धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पण भाव बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार के विरोध या भटकाव से सतर्क रहें। उन्होंने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर सनातन धर्म की रक्षा एवं सामाजिक चेतना के लिए कार्य किया, जिसके कारण उन्हें "हिंदू सम्राट"के नाम से भी जाना गया। वर्तमान में स्वयं भी समाज हित में कार्य करते हुए घर वापसी जैसे अभियानों से सनातन संस्कृति को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 55 लाख से तीन वार्डों में होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 12 करोड़ के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट भी कतार में

नए वर्ष की शुरुआत जशपुर नगर पालिका के लिए विकास की नई उम्मीदें लेकर आई है। नगर पालिका परिषद जशपुर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क डामरीकरण के लिए कुल 55 लाख 09 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से लंबे समय से जर्जर और धूलभरी सड़कों से परेशान नागरिकों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृत राशि से नगर के तीन प्रमुख वार्डों में बीटी रोड का निर्माण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 बिजली कार्यालय से विमल नंदे के घर तक बीटी रोड निर्माण 14.70 लाख रुपए,वार्ड क्रमांक 2 शिव मंदिर से कृष्ण कुंज के तक बीटी रोड निर्माण 26.60 लाख रुपए,वार्ड क्रमांक 14 सुदन पान दुकान से नानू सिंह के घर तक बीटी रोड निर्माण 13.79 लाख रुपए। इन सड़कों के निर्माण से न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों की समस्या से भी निजात मिलेगी।



### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को लेकर विकास कार्यों में तेजी

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी को लेकर नगर में व्यापक स्तर पर सड़क और सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं।नगर पालिका द्वारा गौरव पथ, कल्याण आश्रम रोड, मिलन चौक से कन्या महाविद्यालय होते हुए कोतवाली तक मार्ग का डामरीकरण किया जा चुका है। इन कार्यों के लिए लगभग 6 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है और अधिकांश कार्य प्रगति पर हैं। इसके साथ ही अन्य वार्डों में भी आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं सुधार कार्य कराए जा रहे हैं।

### 12 करोड़ के बड़े प्रस्ताव शासन को भेजे गए

नगर पालिका परिषद द्वारा आगामी चरण में 12 करोड़ रुपए की लागत से सीमेंट रोड, नाली निर्माण, डामरीकरण एवं पाथवे निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

## महापल्ली के विद्यार्थियों ने अडानी पावर का किया औद्योगिक भ्रमण



**रायगढ़।** हेमसुंदर गुप्त उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली में संस्था के प्राचार्य जेण सुजाता राव के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक हेमंत कुमार लहरे के द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण का कार्य अडानी पावर लिमिटेड बड़े भंडार, रायगढ़ में कराया गया।

विदित हो कि इस विद्यालय में रोजगार परक शिक्षा के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर विषय संचालित हैं। औद्योगिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न तरह के जानकारियां जैसे काम के दौरान सुरक्षा और खतरों से बचाव के तरीकों को सीखा। जिसमे बच्चों को सुरक्षा नियम संबंधी गतिविधियां फायर सेफ्टीए फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग एवं वर्कशॉप के विभिन्न प्रकार के मशीनों के काम करने के तरीकों और काम के बारे में समझाया गयाए यहां पर विद्यार्थियों ने विभिन्न जॉब पर काम करना सीखा और काम की बारीकियों को भी समझा। जिसमें अदानी पावर लिमिटेड के द्वारा उचित सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी विद्यार्थियों को पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट मे सेफ्टी हेलमेट और सेफ्टी जैकेट प्रदान कर उसकी जानकारी दिया गया जिसमें उड़ान प्रोजेक्ट ऑफिसर नीरज कुमार साहिश एवं केतन मिश्रा के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के सुरक्षा से संबंधित एवं पावर प्लांट के संचालन की सारगर्भित जानकारियां प्रदान किया गया।

## लांजीबेरना कुतरा में आदिवासी किसानों के साथ अन्याय के खिलाफ जनआंदोलन



**सुंदरगढ़।** कुतरा प्रखंड के लांजीबेरना क्षेत्र में आदिवासी समाज के किसानों के साथ कथित अन्याय, जबरन भू अतिक्रमण, पर्यावरण विनाश और भ्रष्ट तरीकों से जमीन की खरीद के खिलाफ एक सशक्त जनआंदोलन खड़ा हो गया है। इस आंदोलन का नेतृत्व राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ट्रक ट्रांसपोर्ट सारथी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया। उनके साथ स्थानीय आदिवासी नेता राजेश केरकेट्टा, बड़ी संख्या में किसान, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि आदिवासी अधिकारों, वन अधिकार अधिनियम और संवैधानिक प्रावधानों को दरकिनार कर सुनियोजित ढंग से आदिवासी किसानों की जमीन छीनी जा रही है। डॉ. राजकुमार यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह संघर्ष केवल जमीन का नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, आजीविका, संस्कृति और भविष्य की रक्षा की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, शमशान घाटों का विनाश, फसलों की तबाही और भ्रष्टाचार की आड़ में अवैध भूमि खरीद जैसे कृत्य किए जा रहे हैं, जो कानून और संविधान का खुला उल्लंघन हैं।

## सेक्टर-19 में गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**राउरकेला।** सेक्टर-19 पुलिस स्टेशन की टीम ने 31 दिसंबर 2025 की रात 8 बजे गुप्त सूचना के आधार पर नशीले पदार्थों की तस्करी का मामला उजागर किया। पहली जनवरी गुरूवार की शाम ज़ोनल डीएसपी जोगेश पंडा और थाना प्रभारी बी साहू ने मीडिया से बातचीत में इसकी पुष्टि की।इन्होने बताया की एसआई आर बेहरा और उनकी टीम जब सेक्टर-19 में शाम की गश्त कर रहे थे, तभी एल एंड टी ऑफिस, बैंक स्ट्रीट के पास 9 किलो 800 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।




पुलिस ने बताया कि आरोपी बिकास सतनामी (28), पुत्र भिकारी सतनामी, निवासी मंडालिया, ब्रजराजनगर, ओडिशा, अपने तीन साथी—जगन तांती, गोची सिंह और अन्य के साथ अवैध रूप से गांजा रख और परिवहन कर रहा था। साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। अभियुक्त के कब्जे से दो मोबाइल फोन, 500 रुपये नकद और एक सफेद रंग की टाटा मैजिक वाहन (पंजीकरण संख्या(ऑडी 23 क्यू -1884) जब्त की गई है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने 77 सड़कों के लिए 192 करोड़ रुपए से अधिक की दी मंजूरी

# नववर्ष में जशपुर को मिली ऐतिहासिक सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी सौगात मिली है। नए साल में जिले के विभिन्न विकासखंडों में 77 सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर बड़ी सौगात दी है। इन सभी कार्यों के लिए कुल 192 करोड़ रु.से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इससे जिले के ग्रामीण, दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों में आवागमन की सुविधा सुगम होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत गायबुड़ा–खालपारा मार्ग के लिए 3 करोड़ 24 लाख रुपए, टोरा–परसुरा 4 करोड़ 33 लाख रुपए, समदुरा–तेतरटोली 63 लाख रुपए, टीआर-02 से अक्रिकोना 2 करोड़ 21 लाख रुपए, बगडोल–गायरटोली 1 करोड़ 90 लाख रुपए, छिछली–सन्ना से चीवराडांड 2 करोड़ 33 लाख रुपए तथा सरईपानी–रागरा मार्ग के लिए 2 करोड़ 2 लाख रोली की मंजूरी दी गई है। दुलदुला विकासखंड दुलदुला विकासखंड में कोरना–डोभ (कदमटोली होकर) मार्ग के लिए 4 करोड़ 18 लाख रुपए, कस्तुरा–सरईटोली 2 करोड़ 92 लाख रुपए, फरसा–सुनकाडंड कादोबहर 2 करोड़ 66 लाख रुपए, कंटासारू–तुर्री 2 करोड़ 77 लाख रुपए, एनएच से कोरकोटटोली 4 करोड़ 40 लाख रुपए, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी–आसनबहार (नोनियाताला) 2 करोड़ 57 लाख रुपए, चटकपुर–सुकबासुटोली–खुंटीटोली–नगेराटुकु 3 करोड़ 19 लाख रुपए, खुंटीटोली–डंडाडीह 2 करोड़ 45 लाख रुपए एवं चराईडांड–गिधासांड मार्ग के लिए 2 करोड़ 45 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत तेलाइन–मोहांटोली मार्ग 6 करोड़ 88 लाख रुपए, खुटगांव–केंदुटोली 3 करोड़ 03 लाख रुपए, नवाटोली–सहसपुर 4 करोड़ 25 लाख रुपए, बनखेता–जुनाडीह 3 करोड़ 09 लाख रुपए, सागजोर–सोनाजोरी 3 करोड़ 34 लाख रुपए, घुमरा–बुरुशापार 2 करोड़ 50 लाख रुपए, बलुआबहार–करमटोली 1 करोड़ 68 लाख रुपए, बेलडीपा–रेगरमुंडा 2 करोड़ 56 लाख रुपए, घुमरा रोड–छकलपुर 1 करोड़ 64 लाख रुपए एवं कुनकुरी–लावकेरा से मयूरटोली मार्ग के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। जिले के कुनकुरी विकासखंड में एमडीआर से रेमते 3 करोड़ 80 लाख रुपए, खुटगांव से बतानटोली (धान खरीदी केंद्र तक) 1 करोड़ 87 लाख रुपए, महुवाटोली–पुटुकेला नदी तक 1 करोड़ 30 लाख रुपए, कुनकुरी–मज्हाटोली 2 करोड़ 11 लाख रुपए, धुमाडांड–बुधीडेरा 1 करोड़ 31 लाख रुपए, दमगड़ा–डडगांव 2 करोड़ 87 लाख रुपए, रानीकोम्बो–छातापारा 4 करोड़ 11 लाख रु, प्रधानमंत्री सड़क से लोढ़ाम्बा 2 करोड़ 40 लाख रुपए, एनएच-43 से परसाकानी 1 करोड़ 96 लाख रुपए, बरडांड–सेंदरीमुंडा 1 करोड़ 92 लाख रुपए, कुनकुरी–राजाडांड 2 करोड़ 6 लाख रुपए, रजौटी–कोटिया 3 करोड़ 84 लाख रुपए एवं करमटोली–बोडाटोंगरी मार्ग के लिए 5 करोड़ 57 लाख रु. स्वीकृत किए गए हैं।

## पीईओ जितेंद्र कुमार जेना गिरफ्तार

**केन्दुझर।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप में केन्दुझर जिले के हाटडीही ब्लॉक अंतर्गत बंचो ग्राम पंचायत के पंचायत कार्यकारी अधिकारी पीईओ जितेंद्र कुमार जेना को विजिलेंस विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें केन्दुझर की विशेष विजिलेंस अदालत में पेश किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे पूर्व विजिलेंस विभाग ने पीईओ जितेंद्र कुमार जेना के खिलाफ व्यापक छापेमारी अभियान चलाया था। यह कार्रवाई केन्दुझर विजिलेंस की विशेष अदालत द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर मंगलवार तड़के शुरू हुई। छापेमारी के दौरान कुल छह स्थानों से भारी मात्रा में चल अचल संपत्ति का पता चला है। विजिलेंस अधिकारियों ने हाटडीही ब्लॉक के बिरंचीपुर क्षेत्र में स्थित 3300 वर्गफुट के तीन मंजिला आवासीय भवन, हाटडीही के बसंतिया बाजार स्थित जगन्नाथपुर मौजा में बने लगभग 5000 वर्गफुट क्षेत्रफल वाले दो मंजिला नए मार्केट कॉम्प्लेक्स का खुलासा किया है। इसके अतिरिक्त बसंतिया बाजार में मां सरस्वती सेल्स नाम से किराए पर दिए गए दो गोदाम, विद्याधरपुर में स्थित सरस्वती सेल्स नामक एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान तथा चंडिया और बिरंचीपुर क्षेत्रों में स्थित कुल छह प्लॉट बरामद किए गए हैं। छापेमारी के दौरान करीब 100 ग्राम सोना, एक चारपहिया वाहन, दो मोटरसाइकिलें तथा बैंक और डाकघर में जमा बड़ी धनराशि से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

1-Jan- Jash-Coriya-Rag-Jan-Bhoomi pg-3_Layout 1 1/1/2026 7:32 PM Page 1



# 2026 में लगा 5250 करोड़ का दांव!

## इन पांच अपकमिंग फिल्मों से दहलेगा बॉक्स ऑफिस




### बॉर्डर 2

सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारों से सजी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म बॉर्डर 2 अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म गणतंत्र दिवस से पहले यानी 23 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का बजट 150 से 300 करोड़ रुपए के बीच बताया जा रहा है।

साल 2025 में छावा, सैयारा और धुरंधर जैसी फिल्मों के तूफान ने अब 2026 के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं। यह साल इन तीन फिल्मों के लिए सबसे खास रहा। एक हिस्टोरिकल, एक रोमांटिक और एक स्पाई थ्रिलर का जलवा इतना जबरदस्त रहा कि मेकर्स मालामाल हो गए। अब इंतजार साल 2026 का है। नए साल में नया धमाका होने वाला है। इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं जिन पर मेकर्स बेतहाशा पैसा लगा रहा हैं। इस साल पांच बड़ी फिल्मों पर 5 हजार से भी ज्यादा का दांव लगाया गया है।

### धुरंधर 2

आदित्य धर निर्देशित धुरंधर की सफलता के बीच इसके दूसरे पार्ट यानी धुरंधर 2 का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। फिल्म चार महीने के अंदर ही थिएटर्स में दस्तक देने वाली है। यह 2026 की मोस्ट एंटीसिपेटेड मूवीज में से एक है जो अगले साल 19 मार्च को बड़े पर्दे पर आएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले और दूसरे पार्ट को मिलाकर मेकर्स ने करीब 400 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।




### रामायण

2026 में रिलीज हो रही सबसे बड़ी फिल्मों में एक नाम रामायण का भी है जिसको लेकर पिछले कुछ सालों से चर्चा है। दो पार्ट में रिलीज हो रही फिल्म पर कथित तौर पर 4000 करोड़ रुपए बजट लगाया जा रहा है। पहला पार्ट 2026 की दीवाली पर रिलीज होगी और दूसरा पार्ट 2027 में आएगा। फिल्म में भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर निभाते हुए दिखाई देंगे।

### लव एंड वॉर

हीरामंडी सीरीज के बाद अब संजय लीला भंसाली लव एंड वॉर लेकर आ रहे हैं। इस मच अवेटेड फिल्म में विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कथित तौर पर इस फिल्म को 200 करोड़ रुपए में बनाया जा रहा है।

### किंग

तीन साल बाद फिर से बॉलीवुड के बादशाह शाह रुख खान की वापसी होने जा रही है। वह सिद्धार्थ आनंद निर्देशित किंग में नजर आएंगे जो अगले साल रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक इसकी रिलीज डेट कन्फर्म नहीं की गई है। फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।





# 120 बहादुर ओटीटी पर 16 जनवरी को होगी रिलीज

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' अब ऑनलाइन रिलीज होने के लिए तैयार है। आप इस फिल्म को नए साल पर और गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले घर बैठकर देख सकेंगे। ये दो महीने पहले थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद '120 बहादुर' फिल्म अब डिजिट रिलीज के लिए तैयार है। ये ऐतिहासिक वॉर ड्रामा 21 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुआ था। अब जनवरी 2026 में ओटीटी पर दस्तक दे देगी। '120 बहादुर' फिल्म 16 जनवरी 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म केवल सब्सक्राइबर्स के लिए ही उपलब्ध होगी।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## अकेली हूं पर कोई बेचैनी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चित्रांगदा सिंह ने साल 2005 में 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से फिल्मों में डेब्यू किया। अपने कॅरियर की शुरुआत से ही जोधपुर में पैदा हुईं इस हसीना ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय का सिक्का जमाया। अर्थपूर्ण भूमिकाओं को तरजीह दी।

ये साली जिंदगी, इनकार, साहब बीवी गैंगस्टर 3 जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब सराहना हुई। लेकिन, उनके कॅरियर का सबसे मुश्किल दौर वो था, जब सात साल के अंतराल के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक किया। एक सिंगल पैरंट होने ले कारण आप कितनी सशक्त हुई हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इस बारे में कोई बात करना चाहूंगी, क्योंकि मेरा मानना है कि को-पैरेंटिंग होती है, सिंगल पैरेंटिंग नहीं होती। मैं इसमें किसी चीज का क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगी। को-पैरेंटिंग जरूरी है। ये आवश्यक है कि आप उसे किस परिपक्वता के साथ हैंडल करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के अप्स एंड डाउन ने मुझे बहुत हेल्प किया। वो जरूरी था बहुत। आपकी जो इमोशनल ग्रोथ होती है, वो निजी जिंदगी की कठिनाइयों से ही आती है। जो चीजें आपको व्यक्तिगत जीवन में प्रभावित करती हैं, उन्हीं से आप सबक लेकर मजबूत बनते हैं। उन तमाम उतार-चढ़ावों ने मेरी बहुत मदद की और आज में काफी खुशनुमा व्यक्ति हूं। आज मैं अपने आपको ज्यादा समझती हूं और खुद से खुश भी हूं कि आज मैं अकेली हूं, मगर मेरे अंदर बेचैनी नहीं है। एक अभिनेत्री के रूप में भी मैं आज भावनात्मक रूप से संपन्न हूं।



हॉलीवुड मसाला

# डूम्सडे में थॉर की वापसी का ऐलान



**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो ने 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के चार टीजर में से दूसरा भी रिलीज कर दिया है। पहले जहां कैप्टन अमेरिका की एमसीयू में वापसी का टीजर शेयर किया गया था, वहीं, अब नए टीजर में थॉर की वापसी का ऐलान किया गया है। वह अपने दिवंगत देवता पिता ओडिन से आखिरी युद्ध पर जाने के लिए आशीर्वाद मांग रहा है। मार्वल वाले 'डूम्सडे' की कहानी को लेकर भरपूर सीक्रेसी बना रहे हैं। हालांकि, उनके चार में से तीन टीजर रिलीज से पहले ही लीक हो गए और फैंस को डॉक्टर डूम के रूप में रॉबर्ट डाउनी जूनियर की भी झलक दिख गई।



# टायरीज ने 14 साल की उम्र में सड़कों पर देखे थे दंगे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टायरीज डार्नेल गिब्सन ने एक ऐसी फिल्म की थी, जिसमें काम करते वक्त इनकी रूह कांप गई थी। जानते हैं क्यों? लॉस एंजिल्स के जिस दंगे पर ये फिल्म बनी थी इन्होंने अपने सामने होते हुए देखे थे। तब वो महज 14 साल के थे। उन्होंने सड़कों पर लूटपाट, दंगे और विरोध प्रदर्शन देखा था, और फिल्म करते वक्त वो सब मंजर आंखों के आगे तैर गया था। टायरीज का बचपन काफी स्ट्रगल से भरा रहा। वे लॉस एंजिल्स के वॉट्स इलाके में पले-बढ़े, जिसे अमेरिका के डिफिकल्ट सोशल एरियाज़ में गिना जाता है। शुरुआती दिनों में उन्होंने ऐड से कॅरियर की शुरुआत की। 1990 के दशक में एक कोका-कोला ऐड से उन्हें पहली बार काफी पहचान मिली। इसके बाद उनका इंटरेस्ट म्यूजिक की ओर गया और 1998 में उन्होंने अपना पहला आर एंड बी एल्बम टायरीज रिलीज किया, जो काफी सफल रहा।

टीवी मसाला





# केबीसी 17 फिनाले में सिंगिंग का हुनर दिखाएंगे बिग बी

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का क्विज बेस्ड रियालिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन फिनाले के करीब पहुंच गया है। 'केबीसी 17' का फिनाले वीक जारी है जिसकी शुरुआत कुमार मंगलम बिरला के एपिसोड से हुई और अब ये खत्म होने को आय़ा है। आखिरी एपिसोड में अमिताभ बच्चन फैंस को अपने स्पेशल सरप्राइज से हैरान करने वाले हैं। बिग बी लास्ट एपिसोड में करीबन 32 मिनट तक नॉन स्टॉप गाने गाते नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन अपने कुछ पसंदीदा गीत गाते दिखेंगे। उन्होंने बागबान का होरी खेले रघुवीरा, सिलसिला का रंग बरसे भीगे चुनरवाली, तीसरी कसम का चलत मुसाफिर, लावारिस का मेरे अंगने में जैसे अपने सदाबहार गाने और कुछ खास पारंपरिक गीत भी गाए। कुल 32 मिनट तक बिग बी ने गाना गाकर फैंस का मनोरंजन किया। अमिताभ बच्चन का यह अनोखा और भावुक अंदाज पूरे स्टूडियो का माहौल और भी खास बना देगा और फिनाले को एक बड़े जश्न में बदल देगा। यह खास पल तब सामने आएगा जब सेट पर एक स्पेशल एवी चलाया जाएगा, जिसमें सीजन की यात्रा, कहानियां और भावनात्मक लम्हे दिखाए जाएंगे। इस फिल्म को देखकर कंटेस्टेंट्स, ऑडियंस और खुद अमिताभ बच्चन भी भावुक हो जाते हैं। सभी का जोश बढ़ाने के लिए बिग बी ने खुद बिना रुके गाने का फैसला किया। अमिताभ बच्चन लगातार गाते नजर आएंगे और ऑडियंस खड़े होकर तालियां बजाएगी, चीयर करेगी और उनके साथ गाएगी।'कौन बनेगा करोड़पति' की बात करें तो यह शो नॉलेज देने के साथ-साथ फिल्ममेकर्स के लिए अपनी फिल्मों और प्रोजेक्ट्स के प्रमोशन का हॉटस्पॉट भी बन गया है।

# नीम करोली बाबा पर नई वेब सीरीज 'संत', एआई से दिखाए जाएंगे कैंची धाम बाबा के चमत्कार

**मुंबई।** चमत्कारी संतों में शुमार किए जाने वाले नीम करोली बाबा की जिंदगी पर एक वेब सीरीज का ऐलान किया गया है, जिसका नाम 'संत' है। यह सात पार्ट की वेब सीरीज होगी, जिसे कई भाषाओं में बनाया जाएगा। इसमें महान संत नीम करोली बाबा के जीवन, दर्शन और वैश्विक प्रभाव की कहानी दिखाई जाएगी। नीम करोली बाबा, कैंची धाम बाबा के नाम से भी मशहूर हैं। ये वही संत हैं, जिन्होंने स्टीव जॉब्स, मार्क जकरबर्ग और जूलिया रॉबर्ट्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को भी गहराई से प्रभावित किया था। 'संत' सीरीज नीम करोली बाबा की असाधारण आध्यात्मिक यात्रा, उनके प्रेम, सेवा, भक्ति और करुणा के दर्शन को आधुनिक सिनेमा की भाषा में दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास है। 'संत'को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो भारतीय आध्यात्म और विश्व सिनेमा के बीच एक पुल का काम करेगा।



**2 साल से चल रहा काम** : इस प्रोजेक्ट पर पिछले दो साल से काम चल रहा है, जिसमें रिसर्च भी शामिल है। इसमें आध्यात्मिक विद्वानों, इतिहासकारों और क्रिएटिव एक्सपर्ट्स की भी मदद ली गई है ताकि प्रेजेंटेशन पूरी तरह प्रामाणिक, संवेदनशील और गहराईपूर्ण हो।

### 20 भाषाओं में बनेगी 'संत' सीरीज

नीम करोली बाबा पर 'संत' सीरीज को 20 भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें AI की मदद ली जाएगी और नीम करोली बाबा के विजुअल्स तैयार किए जाएंगे। साथ ही इसमें लाइव-एक्शन सिनेमैटिक शूट और हाई-एंड वीएफएक्स भी भरपूर होंगे ताकि अलग-अलग कालखंडों और घटनाओं को उसी तरह से प्रभावशाली ढंग से दिखाया जा सके, जैसी वो घटी थीं।

# 2026 में पर्दे पर धमाल मचाने आ रहीं हॉलीवुड की ये फिल्में

**मुंबई।** साल 2026 आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नए साल के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्मों की जबरदस्त हलचल देखने को मिलेगी। सुपरहीरो यूनिवर्स, ऐनिमेशन, हॉरर और एडवेंचर से भरपूर कई बड़ी फिल्में 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं, जिनका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

**स्पाइडरमैन- ब्रैंड न्यू डे** : मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म स्पाइडरमैन फ्रैंचाइजी को एक नए दौर में ले जाती है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। 'नो वे होम' के बाद पीटर की जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी है और यही बदलाव इस फिल्म की कहानी की बुनियाद बनेगा। फिल्म में जेंडाया और जैकब बैटलोन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ये फिल्म 31 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

**अवेंजर्स डूम्सडे** : मार्वल यूनिवर्स की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'अवेंजर्स डूम्सडे' को फेज-6 की सबसे निर्णायक फिल्म माना जा रहा है। इस बार कहानी मल्टीवर्स के सबसे खतरनाक खतरे पर आधारित होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में कई पुराने एवेंजर्स के साथ नए सुपरहीरो भी शामिल होंगे। यह फिल्म 2026 के अंत में 18 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

**टॉय स्टोरी 5** : पिक्सार की सुपरहिट एनिमेटेड सीरीज 'टॉय स्टोरी' की पांचवीं फिल्म बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी भावुक करने वाली है। वुडी, बज और उनके दोस्त एक नई दुनिया और नई चुनौतियों का सामना करते नजर आएंगे। इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट पोर्टल्स के अनुसार 'टॉय स्टोरी 5' 2026 की 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।








**28 ईयर्स लेटर- द बोन टेंपल** : हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 28 ईयर्स लेटर फ्रैंचाइजी की यह अगली कड़ी किसी तोहफे से कम नहीं है। 28 ईयर्स लेटर में वायरस से तबाह दुनिया की कहानी को और भी डरावने और यथार्थ रूप में दिखाया जाएगा। फिल्म में नए कलाकारों के साथ पुराने किरदारों की झलक भी देखने को मिल सकती है। ये फिल्म अगले साल 16 जनवरी को दस्तक देने जा रही है।

**जुमानजी 3** : ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट और जैक ब्लैक स्टारर 'जुमान जी' एक बार फिर एडवेंचर और कॉमेडी का तड़का लगाने आ रही है। इस बार जुमांजी की दुनिया और भी खतरनाक और रहस्यमयी होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये फिल्म 11 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।

**द ओडिसी** : प्रसिद्ध ग्रीक महाकाव्य पर आधारित द ओडिसी एक भव्य ऐतिहासिक-एडवेंचर फिल्म होगी। इसमें युद्ध, साहस और इंसानी संघर्ष को बड़े पैमाने पर दिखाया जाएगा। हॉलीवुड की बड़ी प्रोडक्शन कंपनियां इस प्रोजेक्ट को अवॉर्ड-कंटेंडर मानकर चल रही हैं। ये फिल्म अगले साल 17 जुलाई को रिलीज होने जा रही है।

**द मंडलोरियन एंड ग्रोगु और सुपरगर्ल** : स्टार वॉर्स यूनिवर्स की यह फिल्म डिज्नी प्लस की लोकप्रिय सीरीज को बड़े पर्दे पर लेकर आएगी। मंडलोरियन और ग्रोगु की जोड़ी एक नए मिशन पर निकलती नजर आएगी। इंटरनेशनल रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म 2026 की 22 मई को रिलीज होने वाली है।

**स्ट्रीट फाइटर** : फेमस वीडियो गेम पर आधारित स्ट्रीट फाइटर एक बार फिर लाइव-एक्शन अवतार में लौट रही है। फिल्म में दमदार फाइट सीक्वेंस, नए किरदार और हाई-ऑक्टेन एक्शन देखने को मिलेगा। मेकर्स इसे ग्लोबल ऑडियंस के लिए बड़े स्तर पर पेश करने की तैयारी में हैं। ये फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को रिलीज होगी।

01 -Jan -RAIGARH-pg-04_Layout 1 1/1/2026 10:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### प्रबंधन ने जताया भाजपा नेता गौतम का आभार

**पुसौर।** भाजपा नेता गौतम अग्रवाल का अभिनव विदया मंदिर के प्रतिनिधि मंडल ने आभार जताया। जिसमें मुख्यतः प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, पूर्व पार्षद जगन्नाथ प्रधान, तथा नगर उपाध्यक्ष उमेश साव आदि शामिल रहे। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले अभिनव स्कूल का शैक्षिक भ्रमण टीम लगभग 50 लोगों का समूह रायगढ में रूका जिनका समूचित व्यवस्था गौतम अग्रवाल द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि भ्रमण यात्रा लगभग एक हप्ते तक हुआ जो निर्विघ्न संपन्न हुआ। इस आशय से अभिनव स्कूल का प्रतिनिधि मंडल ने गौतम अग्रवाल का आभार जताने उनके कार्यालय पहुंचे।

### पीयूसीसी की वैधता 31 मार्च तक बढ़ी

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के वाहन मालिकों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र पीयूसीसी की वैधता अवधि 31 मार्च तक बढ़ा दी है। इस निर्णय का उद्देश्य वाहन मालिकों को बिना किसी दंड के प्रदूषण मानकों का पालन करने के लिए अतिरिक्त समय उपलब्ध कराना है। यह घोषणा मंगलवार को ओडिशा के परिवहन मंत्री बिभूति भूषण जेना ने की। उन्होंने बताया कि जन सुविधा और प्रशासनिक कारणों को ध्यान में रखते हुए यह विस्तार दिया गया है। इस फैसले के बाद जिन वाहन मालिकों के पीयूसीसी की अवधि समाप्त होने वाली थीए उन्हें अब मार्च के अंत तक की मोहलत मिल गई है। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों को सलाह दी है कि वे इस विस्तारित अवधि का उपयोग करते हुए अपने वाहनों की जांच अधिकृत केंद्रों पर कराएं और वैध पीयूसीसी प्राप्त करें, ताकि उत्सर्जन मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जा सके। इस कदम से जहां वाहन मालिकों पर तत्काल दबाव कम होगा, वहीं सरकार को प्रदूषण प्रमाणन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में भी मदद मिलेगी।

### धान की अवैध तस्करी आपूर्ति विभाग की छापेमारी

**बणाई।** धान की अवैध तस्करी किए जाने की सूचना पर बणाई आपूर्ति विभाग ने छापेमारी कर धान लदी एक गाड़ी को जब्त किया है। यह धान देवगढ़ क्षेत्र से बणाई की ओर ले जाया जा रहा था। बणाई के उपजिलाधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति विभाग द्वारा धान की अवैध तस्करी पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। मंगलवार को देवगढ़ क्षेत्र से बणाई की ओर एक पिकअप वैन में धान ले जाते समय सियाजोर के पास बणाई आपूर्ति विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया। यह छापेमारी बणाई आपूर्ति अधिकारी विष्णु प्रधान के नेतृत्व में की गई। विभाग द्वारा धान लदी पिकअप वैन को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बणाई उपखंड आपूर्ति अधिकारी विजय कुमार साहू ने बताया कि धान की अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए इस प्रकार की छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सान गुड़ियाली गांव मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गईए जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान संबलपुर जिले के गोविंदपुर थाना अंतर्गत फटाटांगर गांव निवासी विजय माझी 31 के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक उसी गांव का नरेंद्र टोप्पो 40 बताया गया है। जानकारी के अनुसार बीते दिन शाम को विजय अपनी बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल से राजगांगपुर के जामपाली से दवा लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान कुनमुरु पंचायत के सान गुड़ियाली गांव मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। हादसे के कुछ समय बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में सड़क से उठाकर इलाज के लिए राजगांगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने विजय माझी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल नरेंद्र टोप्पो को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर कर दिया गया।



सरसींवा अंचल के दर्जनों गांवों में इसी तरह के हालात

# नल जल योजना की टंकियों से नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसींवा के समीपस्थ ग्राम पीपरभौना में लगभग तीन वर्ष पूर्व नल-जल योजना के तहत बनी पानी टंकी से आज तक ग्रामीणों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ। टंकी खड़ी है, पाइपलाइन बिछी है, पर नलों में पानी नहीं। यह दृश्य आज पूरे सरसींवा क्षेत्र की पहचान बनता जा रहा है। गौरतलब है कि यह मामला किसी एक ग्राम तक सीमित नहीं है। सरसींवा अंचल के ऐसे दर्जनों गांवों में यही कहानी दोहराई जा रही है, जहाँ पानी टंकी का निर्माण तो समय पर दिखाया गया, लेकिन जलापूर्ति आज तक शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी हैंडपंप, कुएँ और दूर दराज़ के जलस्त्रोतों पर निर्भर हैं, जबकि सरकारी अभिलेखों में योजना पूर्ण दर्शायी जा रही है।

**सरकार की महत्वाकांक्षी योजना**

ज्ञातव्य हो कि नल जल योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। जिसका उद्देश्य हर घर नल से शुद्ध जल देना था। टंकी निर्माण के बाद पंप, मोटर, विद्युत कनेक्शन, स्रोत से जोड़ने और नियमित संचालन इन बुनियादी चरणों पर या तो काम अधूरा है या पूरी तरह नदारद है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कई ग्रामो में बिना जल स्रोत मिले ही टंकी निर्माण कर दिया गया है। कई ग्रामो में पुराने मोटरों का जुगाड़ कर पानी टंकी चालू करने की कोशिश की गई पर पुराने मोटरों के चलते सफलता नही मिल पाई।

**नसीब नहीं पानी**

जब से पानी टंकी का निर्माण हुआ है तब से ग्रामवासियों को इस पानी टंकी से एक बूंद पानी भी नसीब नही हुआ है। वही देखरेख के अभाव में अब दयनीय स्थिति है।

-भूपेंद्र साहू, उपसरपंच पीपरभौंना

**ग्रामीणों को नहीं मिला लाभ**

नलजल योजना के तहत बनी पानी टंकी का लाभ ग्रामीणों आज पर्यंत तक नहीं मिल पाया है। हमने अनेकों बार पानी टंकी को लेकर संबधित विभाग को शिकायत की है लेकिन पानी टंकी से पानी सप्लाई चालू करने कही से कोई भी उचित कार्रवाई नहीं हो पाई है।

बसंती चौहान, सरपंच पीपर भौंना

# निकायों में नहीं हो पाई एल्डरमैन की नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




निकाय चुनाव को लगभग साल भर होने जा रहे है, लेकिन अब तक एल्डरमेन की नियुक्ति नहीं की गई है। पुसौर नगर पंचायत में भी अब त क एल्डरमेन की नियुक्ति नही हो पाई है। हालात यह है कि उम्मीद लगाए बैठे भाजपा के नेताओं में निराशा झलकने लगी है।

वहीं पूर्व प्रदेश सरकारों ने चुनाव के बाद विभागों के संचालन के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्ति करते थे जो आज लगभग 2 साल के बाद भी विधायक प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया जा सका है। इसी कड़ी में सांसद के भी प्रतिनिधि नियुक्त होते थे जो अब तक नहीं हो पाए हैं। निगमों के अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है, लेकिन उसके कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन नहीं किया गया है।

**नहीं हो पा रहा लोगों का काम**

जानकारी के मुताबिक प्रतिनिधि के जरिए कोई भी सरकारी काम आसानी से होता है। चूंकि विभागों के प्रत्येक काम को क्षेत्रीय विधायक से संपर्क करना आसान नहीं होता है इसलिए संबंधित लोगों का काम रूक जाता है। पूर्व भाजपा शासन में आकाश गुप्ता जनपद के लिए प्रतिनिधि रहे, इसी तरह थाना, उज्ज्वला गैस, तहसील, हास्पीटल सहित सभी विभागों के अलग अलग प्रतिनिधि रहे। इसी तरह कांग्रेस शासन काल में भी रहा।

# कलेक्टर ने कहा : पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ हो धान खरीदी

- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं



**रायगढ़।** जिले में शासन की प्राथमिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनहित कार्यों में अपेक्षित गति लाने तथा प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को समन्वय, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में अब तक हुई कुल धान खरीदी, धान विक्रय करने वाले किसानों की संख्या, शेष किसानों की स्थिति, टोकन व्यवस्था, धान उठाव, बारदाना उपलब्धता, मानव संसाधन तथा रकबा एवं टोकन सत्यापन की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम एवं नोडल अधिकारी क्षेत्र स्तर पर नियमित निरीक्षण करते हुए सतत निगरानी रखें। रकबा एवं टोकन सत्यापन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिले। उन्होंने धान उठाव की गति बनाए रखने, भुगतान प्रक्रिया को सुचारु रखने तथा उपार्जन केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में संचालित जल संरक्षण कार्यों को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए सभी जनपद सीईओ को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी पांच माह में जल संरक्षण से संबंधित कार्यों में ठोस प्रगति दिखाई देनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अन्य जिलों में किए जा रहे सफल नवाचारों का अध्ययन कर जिले की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त मॉडल अपनाने के निर्देश दिए, जिससे जल स्तर में सुधार लाया जा सके।

### जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह एवं महिला सुरक्षा जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी तक मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग को प्रोत्साहित करना है। वहीं राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित 11 दिवसीय महिला सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी सुरक्षा, पुलिस सहायता, शिक्षा, डिजिटल सुरक्षा, स्वास्थ्य, परामर्श सेवाओं, कौशल विकास एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रायगढ़ तेजी से औद्योगिक एवं आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है।

# गांव का एक्यूपंक्चर डाक्टर मुंबई में सम्मानित



**सरिया।** आठवां प्राचीन और आधुनिक चिकित्सा राष्ट्रीय आयुष शिखर सम्मेलन और पुरस्कार समारोह गांव के चिकित्सक का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरिया से लगे ग्राम पंचधार के एक्युपंचर चिकित्सा किशोर पात्रे का प्लैटिनम अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

एक्यूपंक्चर चिकित्सा विधि से मरीजों की सेवा करने वाले चिकित्सक किशोर पात्रे सरिया के ग्राम पंचधार निवासी हैं। विगत दिनों मुंबई के माटुंगा स्थित कस्तूरबा हाल में आयोजित आठवां प्राचीन एवं आधुनिक चिकित्सा राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह 2025 में उनके उत्कृष्ट कार्य एवं सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए सम्मान किया गया। मुंबई सम्मान समारोह में प्रोफेसर मेहर मास्टर मुसे डीन जोरोस्टियन कालेज कॉलेज, डॉक्टर प्रोफेसर पी बी लोहिया अध्यक्ष इंडियन एकेडमी ऑफ़ एक्यूपंक्चर साइंस, कार्यक्रम के आयोजन डॉ बी कुमार प्रेसिडेंट सिक्सथ सेंस एवं डॉक्टर पिंटू पुष्कर के मुख्य अतिथि में हुआ।

### कोसमंदा में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 23 से

**कोसमंदा।** ग्राम कोसमंदा के वार्ड नंबर 3 फंदाही पारा रेलवे लाइन के पास टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 जनवरी से होगा। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 300551 एवं द्वितीय पुरस्कार 150551 रु एवं कप दिया जायेगा। प्रतियोगिता में केवल 32 टीम भाग लेंगी। आकर्षक पुरस्कारों में 51 रु मेडल, ओवर पर 1000 रु, अर्धशतक पर 1000 रु, अर्धशतक पर 1500 रु, सबसे अनुशासित टीम को उचित इनाम दिया जाएगा। वहीं मैन ऑफ द सीरीज 15001 एवं कप, फाइनल मैन ऑफ द मैच 10001 एवं कप भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत करेंगे। सभी मैच आठ ओवर एवं सेमीफाइनल व फाइनल मैच 12 ओवर का खेला जाएगा। आयोजन की तैयारी में संजय बरेठ, प्रकाश बरेठ, वीरेंद्र कश्यप, संचालक रामनारायण बरेठ, संजय बरेठ, ललित बरेठ, विवेक बरेठ, रुशिका , मोछिका काव्य बरेठ एवं ग्रामवासी जुटे हुए है।

# नए साल का पहला दिन पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार

- युवा बच्चे सहित महिला ओ मे भी काफी खुशी
- नववर्ष को लेकर मंदिरों में पूजा पाठ तो उद्यानों में रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कोसीर अंचल मे नववर्ष को लेकर सुबह से ही भारी उत्साह लोगो में दिख रहा था। नववर्ष का पहला दिन लोगों ने सुबह उठते ही पूरी भक्ति भाव के साथ मंदिर पहुंच कर पूजा पाठ की। इसके कारण मंदिरो में भी काफी भीड़ रही। अंचल के युवाओं महिलाओ सहित बच्चों में पिकनिक स्पॉट को लेकर काफी दिलचस्प नजारा दिखा।

नदी किनारे मिरौनी बैराज और उसके आसपास में पिकनिक मनाने वालो की हुजूम सा लग गया। इस तरह से मिरौनी बैराज के आसपास पिकनिक मनानो वालो की काफी भीड दी आप को बता दे मिरौनी बैराज काफी आकर्षक का केन्द्र लग रहा आसपास दूरदराज से लोग भारी संख्या मे पहुंच कर नए साल का आनंद लिया। किया विदित हो कि मिरौनी बैराज बनने से इस क्षेत्र को आवागमन का विशेष साधन तो मिला है ही उसके साथ ही साथ एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट भी मिल गया जहा आए दिन लोगो की पिकनिक मनाने भीड़ जमा हो जाती है खासकर गर्मी की दिनों में तो दिन प्रतिदिन यहा की बहती हुई नदी व मनोहारी दृष्टिकोण देख लोग आनंद हो जाते है

**नई साल नए उत्साह नई उमंग के साथ मनाया गया**

सुबह उठते ही नववर्ष को लेकर काफी उत्साहित रहा एक दूसरे से गले मिलकर नववर्ष की बधाई दी वही अपने से बड़ा को पैर छूकर आशीर्वाद लिया वही छोटे को प्यार व स्नेह दिया इस तरह से घरो घर मे विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाये और एक दूसरे के साथ सेयर कर नववर्ष का खूब एंजॉय किया और 2026 का आगाज कर 2025 को अलविदा कहा।

# सतनामी समाज शांति का प्रतीक, पर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष से नहीं हटेगा: मनीष



- रानीगढ़ छुईहा में चार दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का समापन

**बिलाईगढ़।** ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ के समीपस्थ ग्राम रानीगढ़ छुईहा में आयोजित चार दिवसीय बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह का समापन रविवार को श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक चेतना के साथ हुआ। अंतिम दिवस रात्रिकालीन सत्र में भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव मनीष चेलक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि चेलक ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि सतनामी समाज शांति, सत्य और मानवता का प्रतीक है, किंतु जब समाज पर अन्याय और अत्याचार थोपा जाता है, तब यह समाज संघर्ष करने से कभी पीछे नहीं हटता। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास के शांति के मार्ग पर चलता है, वहीं आवश्यकता पड़ने पर राजा गुरु बालक दास जी के क्रांतिकारी विचारों से प्रेरणा लेकर अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़ा होता है। उन्होंने आगे कहा कि सतनामी समाज भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान को अपना मार्गदर्शक मानते हुए समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता आया है। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, संगठन को मजबूत करने और संवैधानिक चेतना को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिरेंद्र कमल जिला अध्यक्ष, सारंगढ़ बिलाईगढ़, भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़, राजकुमार कमल युवा नेता, बिलाईगढ़ गणेश बंजारे अधिवक्ता, बिलाईगढ़, राजकुमार जांगड़े पत्रकार बिलाईगढ़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में गांव के पंचगण, वरिष्ठजन, युवा, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चार दिवसीय यह आयोजन सामाजिक चेतना, संगठनात्मक एकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश देने वाला सिद्ध हुआ। समारोह का समापन बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों को आत्मसात करने तथा समाज को संगठित और जागरूक बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया।

# सद्कर्म करने वाले मृत्यु के बाद भी अमर रहते हैं: बाबा प्रियदर्शी



**रायगढ़।** पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम गौरीशंकर मंदिर के पुजारी स्व. जय राम शर्मा की धर्मपत्नी रामकली देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास स्थान पहुंचे। बेटे महेश शर्मा सहित परिवार जनों को ढांढस बंधाते हुए बाबा प्रियदर्शी राम ने कहा सभी ईश्वरीय विधान से बंधे हुए है।

संसार में आने वाले व्यक्ति की मृत्यु भी निश्चित है। गौरीशंकर मंदिर के पुजारी के रूप में जयराम महाराज द्वारा की गई निरन्तर सेवाओं का स्मरण करते हुए पूज्य बाबा जी ने कहा सद्कर्म करने वाले व्यक्तियों को समाज मृत्यु के बाद भी स्मरण करता है। इसलिए जीवन जीने के दौरान मनुष्य को सदा ऐसे कर्म करना चाहिए जिसका समाज को लाभ मिले। समाज के लिए जीने वाले लोगों का नाम सदा अमर रहता है। बहुत से दौलत मंद लोगों की मृत्यु के बाद ही संसार में लोग उन्हें भूल जाते है लेकिन नाम कमाने वाले व्यक्तियों की मृत्यु के बाद भी उनका नाम सदा अमर रहता है। नाम की कमाई सदा जीवित रहती है। पूज्य बाबा ने रामकली देवी की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए ईश्वर से परिजनों को इस अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। इस दौरान उनके पुत्र महेश शर्मा स्व. दिनेश शर्मा स्व. ज्ञानी शर्मा के परिजन भी मौजूद रहे।

गहरीकरण से वर्षा जल का अधिक होगा संचयन

# सरायपाली में किया तालाब गहरीकरण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिंदल स्टील लिमिटेड के समीपस्थ ग्राम सरायपाली में जिंदल फाउंडेशन द्वारा तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया है। तालाब के गहरीकरण से वर्षा जल का अधिक संचयन संभव हो सकेगा, जिससे जलस्तर में सुधार आएगा और ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

ग्राम सरायपाली के चौहान मोहल्ले स्थित तालाब उथला हो जाने के कारण गर्मी के मौसम में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। इसे देखते हुए जिंदल फाउंडेशन ने ग्रामवासियों के अनुरोध पर इस बहुप्रतीक्षित कार्य को अपने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत प्रारंभ किया है। इसके साथ हीए गांव में शवदाह के लिए हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए मुक्तिधाम निर्माण की भी योजना बनाई गई है। मुक्तिधाम तक लोगों को सुगमता से आने.जाने की सुविधा देने के लिए पहुँच मार्ग का निर्माण भी जिंदल फाउंडेउशन द्वारा प्रस्तावित है। तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ जिंदल स्टील लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष संजीव चौहान, वार्ड पार्षद विष्णु चरण पटेल एवं पूर्व पार्षद श्रीमती निर्मला पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि जिंदल स्टील लिमिटेड सदैव ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाता रहा है। उन्होंने कहा कि जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से कंपनी क्षेत्र के समग्र और सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निरंतर कार्य कर रही है। तालाब गहरीकरण से न केवल जल उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में जल संकट से भी राहत मिलेगी।

